aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 10 PREPARATION

# Karnataka SSLC Model Question Paper 2027 for Hindi Third Language (Paper 4) Key Answers

| EXAM | YEAR | TYPE | SUBJECT |
| --- | --- | --- | --- |
| Karnataka Class 10 | 2027 | Answer Key | Hindi |

# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು - 560003.

# Karnataka School Examination and Evaluation Board

Malleshwaram, Bangalore - 560003.

## 2026-27ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ – 4

## ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

## S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER - 4 : 2026-27

## MODEL ANSWERS

ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

## SUBJECT : Third Language Hindi

| | |
|---|---|
| ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61H | Subject Code : 61H |
| ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ | Time : 3 Hours |
| ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 | Max. Marks : 80 |

### परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।

2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।

3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है,

जिसमें, प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8x1=8**

1. 'औरत' शब्द का पुल्लिंग रूप है –

(A) माँ (B) माता

(C) आदमी (D) पति

उत्तर : (C) आदमी

2. `दुरुपयोग' शब्द का विलोम रूप है –

(A) अनुपयोग (B) सदुपयोग

(C) निरुपयोग (D) प्रयोग

उत्तर : (B) सदुपयोग

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

(A) मालाएँ (B) शाला

(C) कहानी (D) कमरा

उत्तर : (A) मालाएँ

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) सिलाई (B) सीना

(C) सिलाना (D) सिलवाना

उत्तर : (C) सिलाना

5. 'जलाशय' शब्द में संधि है –

(A) गुण (B) वृद्धि

(C) दीर्घ (D) यण

उत्तर : (C) दीर्घ

6. निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का उदाहरण है –

(A) जलधारा (B) त्रिधारा

(C) बेशरम (D) सुख-दुख

उत्तर : (A) जलधारा

7. ई गवर्नेन्स क्या है ? - वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -

(A) अल्प (B) पूर्ण

(C) विस्मयादिबोधक (D) प्रश्नवाचक

उत्तर : (D) प्रश्नवाचक

8. देश को तुम _____ गर्व है । रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) का (B) पर

(C) से (D) में

उत्तर : (B) पर

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4x1=4**

9. कलाम की बहन : ज़ोहरा :: कलाम की माता : _____।

उत्तर : आशियम्मा

10. चंदन का आगार : कर्नाटक : सिलिकॉन सिटी : _____।

उत्तर : बेंगलूरु

11. मकान की छत : मछली की पीठ जैसी :: मकान के स्तंभ : _____।

उत्तर : हाथी के पैर जैसे

12. भोलापन : बालकृष्ण :: वात्सल्य : _____।

उत्तर : यशोदा

**III. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4x1=4**

13. लेखक चौक में क्यों गये थे ?

उत्तर : लेखक कुछ जरूरी चीजें खरीदने चौक में गये थे ।

14. हाथी से उत्तर पाकर दोनों दोस्त किससे मिले ?

उत्तर : हाथी से उत्तर पाकर दोनों दोस्त साँप से मिले ।

15. परमाणु किसे देखकर काँपते हैं ?

उत्तर : परमाणु मानव के करों को देखकर काँपते हैं ।

16. तुलसीदास के अनुसार पाप का मूल क्या है ?

उत्तर : तुलसीदास के अनुसार पाप का मूल अभिमान है ।

## IV. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8x2=16

17. **लेखक के अनुसार सेब का महत्व क्या है ? बताइए।**

उत्तर : सेब केवल स्वाद की चीज़ नहीं है, उसमें गुण भी हैं। सेब खाने से मनुष्य निरोगी बनता है। रोज एक सेब खाने से डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

18. **जलालुद्दीन कलाम को किन किन विषयों के बारे में बताते थे ?**

उत्तर : जलालुद्दीन कलाम को आध्यात्मिक विषयों, शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताते थे।

19. **फूल-मालाएँ मिलने पर लेखक ने क्या सोचा ?**

उत्तर : स्टेशन पर लेखक का खूब स्वागत हुआ। लगभग दस बड़ी फूल-मालाएँ पहनायी गयीं। तब लेखक ने सोचा- आसपास माली होता तो फूल-मालाएँ भी बेच लेता।

20. **कलेक्टर साहब ने बालशक्ति की तारीफ़ क्यों की ?**

उत्तर : बालशक्ति के बालकों ने गाँव को साफ सुथरा बना दिया था। गाँव को स्वच्छ वातावरण दिया था। नया जीवन प्रदान किया था। आदर्श गाँव बनाया था। इसलिए कलेक्टर साहब ने तारीफ़ की।

21. **आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर कैसे विजय पायी है ? बताइए।**

उत्तर : आधुनिक मानव ने पानी, विद्युत, भाप तथा पवन के ताप पर अपना नियंत्रण कर रखा है। नदी, सागर, पर्वत को एक समान लाँघ सकता है।

22. **बलराम कृष्ण को कैसे चिढ़ाता है ?**

उत्तर : बलराम कृष्ण को चिढ़ाकर कहता है कि वह यशोदा का बेटा नहीं है। उसे खरीदकर लाए हैं। कृष्ण काला है, यशोदा और नंद गोरे हैं।

23. **'टाइटन' के बारे में लिखिए।**

उत्तर : टाइटन शनि का सबसे बड़ा उपग्रह है। हमारे चंद्र से भी बड़ा है। उसका व्यास 5150 कि.मी. है।

**अथवा**

**'शनि एक ठंडा ग्रह है।' कैसे ? बताइए।**

उत्तर : शनि ग्रह सूर्य से बहुत दूर है। सूर्य का ताप शनि ग्रह पर बहुत ही कम पहुँचता है। इसलिए शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे $150^0$ सेंटीग्रेड के आसपास रहता है।

24. **झूठ का सहारा लेते हैं तो क्या-क्या सहना पड़ता है ?**

उत्तर : एक झूठ को साबित करने के लिए कई झूठ बोलने पड़ते हैं। कहीं पोल खुली तो मुँह काला करना पड़ता है, अपमानित होना पड़ता है।

**अथवा**

**अकुल ने मीना मैडम से क्या कहा ?**

उत्तर : एक नागरिक के हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए ।

**V.निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 9x3=27

25. **गिल्लू के क्रियाकलापों का विवरण दीजिए ।**

उत्तर : गिल्लू अपने झूले में बैठकर खुद झूलता था । लेखिका का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करता था । लेखिका को चौंकाने के लिए फूलदान के फूलों में, कभी परदे की चुन्नट में, कभी सोनजूही की पत्तियों में छिप जाता था । लेखिका की थाली के पास बैठकर बड़ी सफाई से खाता था । गरमी में सुराही पर लेट जाता था । खिड़की के रास्ते बाहर जाकर खेलता और शाम को वापस आता था ।

**( इनमें से कोई तीन-चार अंश )**

26. **वीडियो कॉन्फरेन्स का परिचय दीजिए ।**

उत्तर : वीडियो कॉन्फरेन्स में इंटरनेट के द्वारा एक जगह बैठकर दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ 8-10 दूरदर्शन के परदे पर चर्चा कर सकते हैं । एक ही कमरे में बैठकर विभिन्न देशों में रहनेवाले लोगों के साथ विचार-विनिमय कर सकते हैं ।

27. **धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?**

उत्तर : नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए, बच्चों को कहानियाँ सुनाने के लिए और वर्ड प्रोसेसर पर धीरज सक्सेना का काम संभालने के लिए बुद्धिमान रोबोट की जरूरत थी ।

28. **कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।**

उत्तर : कर्नाटक का प्राकृतिक सौंदर्य नयन मनोहर है । पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है । दक्षिण से उत्तर की छोर तक पश्चिमी घाट हैं । दक्षिण में नीलगिरि पर्वतमालाएँ शोभायमान हैं । कर्नाटक चंदन का आगार है । यहाँ अनेक नदियाँ और जलप्रपात हैं ।

29. **'महिला की साहसगाथा' पाठ से हमें क्या संदेश मिलता है ? समझाइए ।**

उत्तर : 'महिला की साहस गाथा' पाठ से यह सीख मिलती है कि महिलाएँ साहस प्रदर्शन में पुरुषों से कम नहीं हैं । इस पाठ से छात्र साहस, धैर्य, अथक परिश्रम, मुसीबतों का सामना करना, दृढ़ निश्चय आदि आदर्श गुण सीखते हैं । साथ ही हिमालय की ऊँची चोटियों की जानकारी भी प्राप्त करते हैं ।

30. **कवि ने मातृभूमि की प्राकृतिक विशेषताओं का वर्णन कैसे किया है ? बताइए ।**

उत्तर : मातृभूमि का प्रकृति सौंदर्य अत्यंत सुंदर है । मातृभूमि के खेत हरे-भरे हैं । मातृभूमि के वन-उपवन फल-फूलों से भरे हैं । मातृभूमि के अंदर अपार खनिज संपदा है ।

**31. 'समय की पहचान' कविता की अंतिम चार पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : कवि कहते हैं कि समय अमूल्य है। चित्त लगाकर काम करना चाहिए। संदेह छोड़कर आत्मा पर विश्वास करना चाहिए। बीता हुआ समय वापस नहीं मिलता। समय व्यर्थ करेंगे तो पछताना पड़ेगा।

**32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार॥

भावार्थ : प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास जी कहते हैं कि जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फैलता है, उसी तरह राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुध्दि होती है। इस तरह शुध्दि होने से मनुष्य के जीवन में चारों ओर प्रकाश फैलता है।

**33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :**

आज हम सभी इंटरनेट का उपयोग करते हैं। यह हमारी आधुनिक जीवनशैली का अंग बन गया है। सचमुच इंटरनेट एक वरदान है।

**उत्तर :** ಇಂದು ನಾವೆಲ್ಲರೂ ಇಂಟರನೆಟ್ ಉಪಯೋಗಿಸುತ್ತೇವೆ. ಇದು ನಮ್ಮ ಆಧುನಿಕ ಜೀವನಶೈಲಿಯ ಅಂಗವಾಗಿದೆ. ನಿಜವಾಗಿಯೂ ಇಂಟರನೆಟ್ ಒಂದು ವರದಾನವಾಗಿದೆ.

We all use internet today. It has become the main part of the lifestyle of modern days. It has really become a boon.

## VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2x4=8

**34. बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए।**

उत्तर : बसंत एक गरीब शरणार्थी लड़का है। छलनी, दियासलाई, बटन बेचता है। पंडित राजकिशोर से दया की भीख लेने से इनकार करता है। क्योंकि वह मेहनत से पैसा कमाना चाहता है। मोटर के नीचे आकर घायल होने पर भी राजकिशोर के पैसे लौटाता है। इसलिए बसंत एक ईमानदार और स्वाभिमानी लड़का है।

**अथवा**

**पं. राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए।**

उत्तर : पंडित राजकिशोर मजदूरों के नेता थे। बसंत की सहायता करने की दृष्टि से एक छलनी खरीदते हैं। मोटर दुर्घटना का समाचार सुनते ही तुरंत बसंत के घर पहुँचते हैं। बसंत का इलाज करने के लिए डॉक्टर को बुलाते हैं। अस्पताल ले जाने का प्रबंध भी करते हैं। पं. राजकिशोर गरीब और मजदूरों के प्रति सहानुभूति दिखानेवाले व्यक्ति थे।

35. **निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

असफलता .....

.....

.....

.....भागो तुम ।

उत्तर : असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,

क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।

जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,

संघर्ष का मैदान छोड़कर, मत भागो तुम ।

VII.36. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **1x4=4**

वाणी प्राणी की पहचान है । जिस प्रकार कौए और कोयल की पहचान उसकी वाणी से हो जाती है, उसी प्रकार किसी व्यक्ति के आचार-व्यवहार तथा स्वभाव की परख उसकी वाणी द्वारा हो जाती है । दुर्जनों की वाणी कटु तथा कर्कश होती है । कटु वाणी हृदय में शूल की तरह चुभती है । इससे अपने भी पराए हो जाते हैं । मीठी वाणी शत्रु को मित्र बना सकती है । निराश व्यक्तियों में आशा, उत्साह का संचार करा सकती है । जिस व्यक्ति ने अपनी वाणी को वश में कर लिया और मधुर वचनों का प्रयोग सीख लिया, उसने मानो सब पा लिया । मधुर वाणी अमृत के समान काम करती है ।

अ) वाणी किसकी पहचान होती है ?

उत्तर : वाणी प्राणी की पहचान होती है ।

आ) कटु वाणी हृदय में कैसे चुभती है ?

उत्तर : कटु वाणी हृदय में शूल की तरह चुभती है ।

इ) मीठी वाणी शत्रु को क्या बना सकती है ?

उत्तर : मीठी वाणी शत्रु को मित्र बना सकती है ।

ई) मधुर वाणी किसके समान काम करती है ?

उत्तर : मधुर वाणी अमृत के समान काम करती है ।

VIII. 37. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1x4=4

## क) ग्राम सुधार

- **प्रस्तावना :** हमारा भारत गाँवों का देश है । अधिकतर लोग गाँवों में रहते हैं । गाँव बहुत सुंदर और शांत होते हैं, लेकिन कई गाँवों में अभी भी बहुत सारी कमियाँ हैं, जैसे सफाई की कमी, अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य की कमी । अपने गाँव को और बेहतर बनाना ही ग्राम सुधार कहलाता है । गाँव का सुधार होने से देश का भी सुधार होता है ।

- **गंदगी दूर करने के उपाय :** गाँव को साफ-सुथरा बनाना सबसे पहला और ज़रूरी काम है । गंदगी से बीमारियाँ फैलती हैं । हमें कूड़ा-कचरा हमेशा कूड़ेदान में ही डालना चाहिए । खुले में नहीं फेंकना चाहिए ।सभी लोगों को खुले में शौच करने की जगह अपने घर के शौचालय का इस्तेमाल करना चाहिए । इससे गाँव स्वच्छ रहता है । हमें प्लास्टिक की थैलियों और सामान का कम इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि ये जमीन और पानी को गंदा करती हैं ।

- **ग्राम सुधार के अन्य उपाय :** सफाई के साथ-साथ गाँव को बेहतर बनाने के लिए और भी बहुत कुछ किया जा सकता है :

* शिक्षा पर ज़ोर: सभी बच्चों को स्कूल भेजना चाहिए । गाँव में अच्छे स्कूल और लाइब्रेरी होनी चाहिए ताकि सब पढ़ सकें ।
* स्वास्थ्य सुविधाएँ : गाँव में एक छोटा अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र होना चाहिए, ताकि बीमार होने पर इलाज मिल सके ।
* अच्छी सड़कें : गाँव की सड़कें पक्की और साफ होनी चाहिए ताकि आने-जाने में आसानी हो ।
* पेड़ लगाओ : हमें अपने गाँव में बहुत सारे पेड़ लगाने चाहिए । पेड़ हवा को साफ रखते हैं और गाँव को सुंदर बनाते हैं ।
* पानी की व्यवस्था : पीने का साफ पानी हर घर तक पहुँचना चाहिए ।

- **उपसंहार:** ग्राम सुधार बहुत ज़रूरी है । जब हमारे गाँव साफ-सुथरे, पढ़े-लिखे और स्वस्थ होंगे, तभी हमारा देश भी मजबूत बनेगा । हम बच्चों को भी बड़ों की मदद करनी चाहिए, अपने घर और आस-पास को साफ रखना चाहिए । हमें मिलकर अपने गाँव को आदर्श गाँव बनाना चाहिए ।

## ख)इंटरनेट का महत्व

- **प्रस्तावना :** आज का युग इंटरनेट युग है। बड़े बूढ़ों से लेकर छोटे बच्चों तक सब पर इस इंटरनेट का असर पड़ा है। आज इंसान के लिए खानपान जितना जरूरी है, इंटरनेट भी उतना ही आवश्यक हो गया।

- **इंटरनेट के लाभ :** इंटरनेट द्वारा पल भर में बिना ज्यादा खर्च किए कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो, दुनिया के किसी भी, कोने में भेजना मुमकिन हो गया है। इंटरनेट द्वारा घर बैठे बैठे खरीदारी कर सकते हैं। कोई भी बिल भर सकते है। इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है। इंटरनेट चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा आदि में अपना कमाल दिखाया है।

- **इंटरनेट से हानियाँ :** इंटरनेट से पैरसी, बैंकिंग फ्रॉड, हैकिंग आदि बढ़ रही है। मुक्त वेबसाइट चैटिंग आदि से युवा पीढ़ी ही नहीं, बच्चे भी इंटरनेट की कबंध बाहों के पाश में फंसे हुए हैं। इससे वक्त का दुरुपयोग होता है, और बच्चे अनुपयुक्त जानकारी हासिल कर रहे हैं।

- **उपसंहार :** इंटरनेट ने पूरी दुनिया को एक जगह लाकर खड़ा कर दिया है। जीवन के हर क्षेत्र में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है। इंटरनेट वरदान है, तो वह अभिशाप भी है।

## ग) स्वच्छता अभियान

- **प्रस्तावना :** स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। इसी उद्देश्य से देश में "स्वच्छता अभियान" चलाया गया ताकि लोग साफ-सफाई के महत्व को समझें।

- **स्वच्छता का महत्व :** इस अभियान का मुख्य लक्ष्य गाँवों, शहरों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ बनाना है। गंदगी की वजह से ही लोग आजकल बहुत सारे रोगों का शिकार बन रहे हैं। गंदगी कम करने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उत्तम स्वास्थ्य के लिये स्वच्छता अत्यंत जरूरी है। स्वस्थ और सदृढ़ समाज ही सदृढ़ देश का निर्माण कर सकता है।

- **सुझाव :** स्वच्छता अभियान के तहत कचरे को अलग-अलग डिब्बों में डालने, खुले में शौच न करने और नियमित सफाई करने पर जोर दिया जाता है। स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता की आदतें सिखाई जाती है ताकि वे भविष्य में जागरूक नागरिक बन सकें। सड़कों और नालियों की सफाई से बीमारियों का खतरा भी कम होता है। घरों, दुकानों और मोहल्लों को स्वच्छ रखने से वातावरण सुंदर और सुरक्षित बनता है।

- **उपसंहार :** सरकार के साथ-साथ समाज के हर व्यक्ति को इस अभियान में भाग लेना चाहिए। यदि सभी लोग मिलकर सफाई रखें, कचरा न फैलाएँ और पेड़-पौधे लगाएँ, तो हमारा देश और भी सुंदर बन सकता है। स्वच्छता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवनशैली बननी चाहिए। जब पूरा देश स्वच्छ होगा, तभी स्वस्थ और विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

IX. 38. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1x5=5**

**अपने बड़े भाई की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी माँगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।**

प्रेषक,

सुरेश,
दसवीं कक्षा,
सरकारी हाईस्कूल,
मैसूरु- 570 020

दि : 01-09-2026

सेवा में,

प्रधानाध्यापक जी,
सरकारी हाईस्कूल,
मैसूरु -570 020

आदरणीय महोदय,

विषय : दो दिनों की छुट्टी की प्रार्थना हेतु।

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपसे निवेदन है कि दिनांक : 06-09-2026 को अपने बड़े भाई की शादी है। इसलिए मैं 05-09-2026 और 06-09-2026 के दो दिन स्कूल नहीं आ पाऊँगा। अतः आपसे प्रार्थना करता हूँ कि इन दो दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें।

धन्यवाद सहित,

स्थान : मैसूरू

आपका अज्ञाकारी छात्र,
सुरेश

(***)
अभिभावक के हस्ताक्षर

**अथवा**

**स्कूल में मनाए गए स्वतंत्रता दिवस के बारे में वर्णन करते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।**

दि : 01-09-2026

पूज्य पिताजी,

सादर चरण स्पर्श।

मैं यहाँ कुशल हूँ और आशा करता हूँ कि आप भी कुशल होंगे। हमारे स्कूल में 15 अगस्त को स्वतंत्रा दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। सुबह विद्यालय के प्रांगण में प्रधानाध्यापक जी ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सभी ने राष्ट्रगान गाया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीत, भाषण, कविताएँ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षकों ने हमें स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में मिठाई बाँटी गयी। पूरा विद्यालय देशभक्ति के रंग में रंग गया था। यह उत्सव मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक और यादगार रहा।

माताजी को प्रणाम और छोटे को प्यार ।

आपका प्रिय पुत्र ,

सतीश

सेवा में,

बसवराज एम.एन.

कुमार निलय ,

बसवनगर,

हावेरी।

==========